4 गांव को नशामुक्त बनाने आवेदन लेकर थाने पहुंची महिलाएं




## खबर संक्षेप

### बदला स्कूलों का समय डीईओ ने जारी किया आदेश

**रायगढ़।** इन दिनों तपती धूप और चिलचिलाती गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान में बढ़ोत्तरी से लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। जिसे देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एक आदेश जारी किया है। जिसमें उन्होंन लगातार बढ़ते तापमान और गर्मी के प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा स्कूलों के समय में बदलाव करने का फैसला लिया है। रायगढ़ में तेजी से गर्मी बढ़ने लगी है। इसके चलते स्कूली जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों की टाइमिंग में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश भी जारी कर दिया है। दोपहर की चिलचिलाती धूप के कारण बच्चे परेशान हो रहे थे। इसलिए स्कूल टाइमिंग में बदलाव किया गया है। जिसमें अब दो पाली में स्कूल लगेगी। जिसमें सरकारी स्कूल सुबह 7.30 से 11.30 बजे तक चलेगी।

### सर्पदंश से मासूम की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ़।** बीती रात जमीन पर सो रहे एक मासूम को सर्प ने डंस लिया थाए जिसकी उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बरमकेला थाना क्षेत्र के ग्राम शकरतुंगा निवासी अंश सिदार पिता मुनकूराम सिदार 8 वर्ष शनिवार को रात करीब 8 बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में जमीन पर सो गया था, साथ ही रात करीब 10 बजे उसके परिजन भी वहीं पर सो गए। इस दौरान एक नाग सर्प कमरे में घुस गया और मासूम अंश को डंस लिया। ऐसे में जब उसे दर्द हुआ तो उसके रोने की आवाज सुनकर जब परिजन जगे तो देखे कि कमरे से से नाग सर्प बाहर जा रहा है। ऐसे में उन्हें अहसास हुआ कि बच्चे को सर्प ने डंस लिया है। जिससे बगैर समय गवांए परिजन उसे उपचार के लिए रात करीब दो बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं रविवार को अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को दिया है।

### जहर खा कर ग्रामीण ने दी जान

**रायगढ़।** ग्रामीण ने शराब के नसे में पहले परिजनों से विवाद किया फिर कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के बायसी निवासी अशोक राठिया पिता तेजराम राठिया 40 वर्ष रोजी मजदूरी कर पत्नी सहित दो बच्चों का पालन पोषण करता था। ऐसे में शनिवार को सुबह करीब 11 बजे शराब के नशे में घर पहुंचा तो किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई, जिससे उसने पत्नी व बच्चों को घर से बाहर कर दरवाजा बंद कर लिया और घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया, कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी घर में आई तो उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी, जिससे उसे उपचार के लिए धरमजयगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायगढ़ रेफर कर दिया। ऐसे में मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कर उपचार चल रहा था, इस दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही किन कारणों से उसने खुदकुशी किया है, इसका खुलासा नहीं हो सका है। ऐसे में पुलिस का कहना है कि अब मर्ग जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### सकरेली फाटक को बंद करने की प्रक्रिया स्थगित

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की बेहतर सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समपार फाटकों में रोड ओवरब्रिज अंडरपास का निर्माण के साथ वैकल्पिक सड़क मार्ग की व्यवस्था करने के पश्चात समपार फाटकों को बंद किया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बाराद्वार-सक्ती स्टेशनों पर स्थित मानव सहित समपार सकरेली फाटक को सुरक्षागत कारणों से 01 अप्रैल से सडक यातायात के लिये स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया था। कलेक्टर सक्ति से प्राप्त पत्र व स्थानीय लोगों की मांग के दृष्टिगत उक्त समपार को स्थायी रूप से बंद करने की प्रक्रिया को तत्काल स्थगित करने का निर्णय रेलवे प्रशासन द्वारा लिया गया है। अतः सकरेली समपार अभी बंद नहीं होगी।

### कल तक निगम की रेवेन्यू ऑनलाइन साइट रहेगी बंद

**रायगढ़।** सॉफ्टवेयर में अपडेशन और मेंटेनेंस कार्य चलने के कारण नगर निगम प्रशासन द्वारा जारी रेवेन्यू ऑनलाइन साइट रहेगी बंद रहेगी। अपडेशन कार्य चलने के कारण ऑनलाइन टैक्स पर पेमेंट ऑप्शन नहीं आ रहा है। इसलिए 1 से 3 अप्रैल 2024 तक संपति करए समेकित करए जल करए यूजर चार्ज आदि टैक्स जमा नहीं होंगे।

## सभी बच्चे हैदराबाद गुरूकुल के, आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन को सौंपा

# रायगढ़ समेत 4 जिलों के 12 बच्चे दुर्ग स्टेशन पर लावारिस मिले



दुर्ग रेलवे स्टेशन पर लावारिस मिले बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हैदराबाद स्थित बालाजी गुरूकुल से निकल कर दुर्ग रेलवे स्टेशन में 12 बच्चे लावारिस हालत में मिले। ऐसे में आरपीएफ ने इन बच्चों को लावारिश हालत में देख कर पूछताछ तो पता चला कि वे सभी अकेले ही गुरूकुल से निकले हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के 6 में से 3 रायगढ़ के, 1-1 गौरेला पेंड्रा मरवाही व बलौदाबाजार तथा जशपुर के हैं। इसके साथ ही झारखंड के 3, नागालैंड के 2, असम का 1, नागालैंड के 2 बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि वे सभी अंबिकापुर में आयोजित योग शिविर में भाग ले जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि रविवार की रात को आरपीएफ दर्ग द्वारा रेलवे स्टेशन में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा था, इसी बीच प्लेट नंबर 4 में करीब एक दर्जन बच्चे बैठे हुए नजर आए। ऐसे में सर्चिंग ऑपरेशन में लगे अधिकारियों ने यह पाया कि इन बच्चों के साथ कोई वयस्क नहीं है, वे अकेले हैं। जब आरपीएफ को इस बात की पुष्टि हो गई कि ये सभी बच्चे अकेले हैं तो उन्होंने इन बच्चों से जानने का प्रयास किया कि वे कहां से आ रहे हैं और कहां जा रहे हैं, वहीं वे सभी कहां के रहने वाले हैं। आरपीएफ अधिकारियों को बच्चों ने बताया कि वे हैदराबाद स्थित बालाजी गुरूकुल के हैं और अकेले ट्रेन में सफर करते हुए यहां तक आए हैं। फिर इन रेलवे स्टेशन में ही एक कमरे में लेकर गए, जहां उन्हें भोजन आदि कराया गया और इसके साथ ही चाइल्ड लाइन को भी सूचित किया गया।

### लावारिस मिले बच्चे

हैदराबाद स्थित गुरूकुल के करीब 12 बच्चे लावारिश हालत में आरपीएफ को मिले थे, ऐसे में पूरी जांच पड़ताल के बाद इन बच्चों उनके परिजनों सौंपा जाएगा।

**-मंजुला देशमुख, सदस्य,** बाल कल्याण समिति, दुर्ग

### योग कार्यक्रम में होना था शामिल

आरपीएफ अधिकारियों को बच्चों ने बताया कि वे सभी गुरूकुल में रह कर अध्ययन करते हैं और अंबिकापुर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। बच्चो ने अधिकारियों को आगे बताया कि वे सिकंदाराबाद-रायपुर एक्सप्रेस से दुर्ग पहुंचे। उनको इस योग कार्यक्रम में शामिल होना है।

### प्रबंधन से साथ नहीं आया कोई

बच्चों ने बताया कि वे सभी हैदराबाद से इस योग कार्यक्रम में अपनी भागीदारी देने जा रहे थे, इस दौरान गुरूकुल प्रबंधन की ओर से उनके साथ न तो योग शिक्षक थे और ना ही कोई आचार्य। बता दें कि इन बच्चो की उम्र करीब 8 से 15 वर्ष बताई जा रही हैं। फिलहाल बच्चों को चाइल्ड लाइन की मदद से आश्रय गृह भेज दिया गया है।

### परिजन को सौंपें जाएंगे बच्चे

बताया जा रहा है कि इस बात की जानकारी मिलने के बाद गुरूकुल से बच्चों के लेने के लिए कुछ लोग आए थे, किंतु सुरक्षा की दृष्टि से चाइल्ड ने उन्हें बच्चों को सौंपने से मना दिया। वहीं अब इन बच्चों के परिजनों से संपर्क उन्हें बच्चों को सौंप दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित प्रांत के महिला बाल विकास विभाग और बाल सरंक्षण विभाग द्वारा सामाजिक जांच व इन बच्चों के घरों में तस्दीक करने के बाद ही परिजनों को सौंपा जाएगा।

# जनता को जनार्दन मान सेवा भाव से चल रही भाजपा सरकार: ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित अतिथि।

लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को शहर के मंगलम मेरिज गार्डन में आयोजित किया गया है।

रायगढ़ विधायक व छत्तीसगढ़ सरकार में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोकसभा चुनाव के प्रभारी लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, लोकसभा चुनाव संयोजक श्रीमती गोमती साय, सहसंयोजक रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, सह समन्वयक वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के आतिथ्य में आज का सम्मेलन आयोजित हुआ। रायगढ़ विधानसभा के लिए आयोजित इस सम्मेलन के प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरुपाल सिंह भल्ला के अथक मेहनत से आज का कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। आज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी जी ने कहा की दशकों से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को मैं प्रणाम करता हूं आप लोगों के अथक मेहनत का ही परिणाम है जो आज प्रदेश एवं देश में भाजपा की सरकार है। यह मोदी युग की राजनीति का दौर है जहां जनता को जनता को जनार्दन मानकर सेवा भाव से सरकार चलाई जाती है।मैं आप देव तुल्य कार्यकर्ताओं का हमेशा ऋणी रहूंगा आप लोगों ने जो दोनों हाथो से मुझे आशीर्वाद दिया है उसका ऋण चुका पाना मेरे लिए इस जन्म में संभव ही नहीं है ना ही मैं इस ऋण से उद्रीण होना चाहता हूं। लोकतंत्र का असल मालिक जनता जनार्दन होती है। उन्हीं के सेवा भाव के साथ हमारी सरकार काम कर रही है। तीन महीनो के प्रदेश सरकार के कार्यकाल में हमने हमारे उदार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में मोदी गारंटी के तहत जितने बड़े वादे किए थे इन तीन महीनो के अल्प काल में ही पूरे किए है मैं आज आप कार्यकर्ताओं के समक्ष इस सरकार के तीन महीने का लेखा जोखा रखने आया हूं। ओपी ने कहा कि मैंने शपथ ली है की एक रुपए का भी भ्रटाचार होने नही दूंगा यदि मेरे नाम से कोई एक रुपए का भी भ्रष्टाचार करता है तो आप लोग उन्हें जूते की माला तुरंत पहनाओं। तीन माह में हमने डेढ़ करोड़ की स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की है जो सीधे खाते में ट्रांसफर किया गया है महाविद्यालय में पढ़ने वालों बच्चों को अपनी शिक्षा आगे चालू रखने में यह अहम साबित होगा। हम सभी के लिए यह गौरव का विषय है की हमारे देश के प्रधानमंत्री जिनके समय का पल पलएजिनके शरीर का कण कण देश के लिए समर्पित है, ऐसे विशाल हृदय के हमारे प्रधानमंत्री है। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को विजयी माला पहनाते हुए ओपी चौधरी ने कहा की लोकतंत्र में राजा का बेटा राजा नही बनताएजो लायक होता है वही राजा बनाता है।

# सरिया के कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों ने रखीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



सरिया में वित्त मंत्री ओपी चौधरी कार्यकर्ता संपर्क में यहां पहुंचे थे। अग्रसेन भवन में कार्यकर्ता संपर्क के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी के आगमन की जानकारी होने पर सरिया क्षेत्र के लोगों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखी। जहां वित्त मंत्री ने लोगों की समस्याओं को एक एक कर सुना और समस्या समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने ऐसे कई आवेदनों को त्वरित फोन के माध्यम से भी संबंधित अधिकारों से बात कर हल निकालने का दिशा निर्देश दिया। ओपी चौधरी से मिलने के बाद ग्रामीणों मैं उम्मीद जागी की अब समस्या का समाधान होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि देश में मोदी की लहर चल रही है। छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी 11 सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है। एक सवाल के जवाब में मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि सरिया क्षेत्र रायगढ़ जिले में शामिल होगा। इसके लिए समय का इंतजार करना पड़ेगा। विदित हो कि सरिया क्षेत्र रायगढ़ विधानसभा में आता है। जबकि नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में सरिया क्षेत्र को जोड़ा गया है। इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा मांग किया गया था कि सरिया क्षेत्र को रायगढ़ जिले में यथावत रखा जाए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस संबंध में आश्वासन देते हुए कहा कि समय आने का इंतजार करें। काम जरूर होगा। कार्यकर्ता संपर्क के दौरान पूर्व विधायक विजय अग्रवाल जिला भाजपा अध्यक्ष रायगढ़ उमेश अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप, भाजपा मंडल अध्यक्ष परदेसी प्रधान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ता कैलाश प्रधान के यहां जलपान ग्रहण कर सरिया से पुसौर के लिए निकले।

# गर्मी बढ़ते ही वार्डों में शुरु हुई पानी की समस्या



**रायगढ़।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 36 के कृष्णानगर मोहल्ले में अमृत मिशन की पाइप लाइन बिछाने के नाम पर केवल खानापूर्ति की गयी है। मोहल्ले में पाईप लाईन तो बिछाई गई है परंतु किसी भी घर में कनेक्शन नहीं दिया गया है और न ही पानी टंकी से पाइप लाइन जोड़ा गया है जिससे मोहल्ले में पानी नहीं आ रहा है। क्षेत्र में दो बोर पंप है जिसमें से एक पंप खराब है तो दूसरे से कुछ ही नलों में पानी आता है वह भी कुछ ही देर के लिए। ऐसे में कृष्णा नगर में पानी की समस्या हो रही है। हालांकि नगर निगम पानी टैंकर से जल अपूर्ति कर रहा है लेकिन क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वह पर्याप्त नहीं है।क्षेत्रवासियों का कहना है। मोहल्ला काफी बड़ा है जिसमें मात्र दो बोर है वह भी खराब है। एक बोर से कुछ ही नलों में थोड़ा पानी आता है इसके आलावा पार्षद से शिकायत करने पर एक टेंकर पानी नगर निगम भिजवा रहा है जो कि पर्याप्त नहीं है। अभी गर्मी की शुरुआत है आगे समस्या और बढ़ेगी। इधर महापौर जानकी काटजू भी निचले मोहल्लों में पानी की समस्या होने की बात स्वीकार कर रही है। महापौर का कहना हैं कि अमृत मिशन के पाइप लाइन का विस्तार करने व मुख्य शहर से लगे मोहल्लों को सीधे पानी टंकी से जोडऩे के लिए बजट में प्रस्ताव स्वीकृत किया गया हैं। जल्द ही काम शुरू हो जायेगा। वहीं वैकल्पिक तौर पर बोर पम्प से पानी सप्लाई की जा रही है और टैंकर के माध्यम से भी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### संकरे मार्ग पर फंसा भारी मालवाहक यातायात बाधित

**रायगढ़।** शहर के अतिसंकरे पुरानी हटरी से बस स्टैंड को जोड़ने वाले मार्ग पर सोमवार शाम एक भारी ट्रक जा फंसा। जिसके बाद इस चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई। यातायात बाधित होते देख ट्रक को हटाने में असमर्थ वाहन चालक ट्रक को यथास्थिति छोड़ फरार हो गया। जिसके बाद सूचना ट्रैफिक पुलिस को दी गई। इस दौरान घंटों तक इस रास्ते के बाधित होने से शहर भर में ट्रैफिक अव्यवस्थित हो गया और सुभाष चौक से लेकर सिटी कोतवाली तक लंबे जाम से लोग हलाकान होते रहे।

# नारे लिखकर मतदाताओं को जागरूक कर रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़




जिले के सभी मतदाताओं को जागरूक और मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर परियोजना निदेशक पंचायत सह नोडल अधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान हरिशंकर चौहान के निर्देशन में जिले के गांवों शहरों के दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू द्वारा गाँव गाँव में जमीनी स्तर पर आमजन को ज्यादा से ज्यादा मताधिकार के उपयोग के लिए जागरूक और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए है जिसके तहत मैदानी अमलो द्वारा विभिन्न स्वीप गतिविधियाँ जिले में संचालित करते हुए लोगो को जागरुक किया जा रहा है और मतदाता सामूहिक शपथ का आयोजन भी किया जा रहा है। दीवारों में नारा लिखा गयाए उनमें प्रमुख रूप से है। सोच समझकर बटन दबाना, बहकावे में कभी ना आना। वोटर लिस्ट में नाम लिखाए ईपिक कार्ड सभी बनवाएं। मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लो उपहार। एक वोट से होती है जीत हार वोट न कोई बेकार।

# लापता युवक की इलाज के दौरान मौत, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर का एक युवक होली के एक दिन पहले घर से निकला था, जो दो दिनों तक घर नहीं पहुंचा, जिसे काफी खोजबीन के बाद घायल हालत में अस्पताल मिला, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के रामभाठा संजय मैदान निवासी आशीष लकड़ा पिता स्व. पास्कल लकड़ा 36 वर्ष रोजी मजदूरी कर पत्नी बच्चों का पालन पोषण करता था। ऐसे में होली के एक दिन पहले 24 मार्च को अपने दोस्त की बाइक मांग कर घर से निकला था, जो देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो उसकी पत्नी तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चला ऐसे में 25 मार्च को थाना पहुंच कर शिकायत करते हुए उसकी तलाश जारी थीए लेकिन इस बीच उसके रिश्तेदारों व अन्य लोगों ने कहा कि होली है हो सकता है कहीं गया होगा, जो देर शाम तक आ जाएगाए लेकिन वह घर नहीं पहुंचा, ऐसे में उसके दोस्तों ने उसका फोटो मोबाइल में शेयर कर खोजबीन किया तो 27 मार्च को सूचना मिली कि वह घायल हालत में मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती है। जिससे परिजन जाकर देखे तो उसके सिरए हाथए पैर व कंधे में गंभीर चोट थी, जिससे वह बात भी नहीं कर पा रहा था। साथ ही अस्पताल से जानकारी मिली कि डायल 112 की टीम द्वारा भर्ती कराया गया हैए जिससे पता कर उसकी बाइक की तलाश की गई। ऐसे में आशीष को गंभीर चोट होने के कारण रविवार को सुबह करीब 4.30 बजे मौत हो गई। वहीं अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही पीएम रिपोर्ट आने के बाद मर्ग जांच उपरांत ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### परिजन ने की जांच की मांग

इस संबंध में मृतक के परिजनों का कहना था कि आशीष लकड़ा का दुर्घटना नहीं हुई है, हो सकता है कोई आपसी रंजिश में उसके साथ मारपीट किया है, जिसके चलते उसे गंभीर चोट आई थी। साथ ही उनका कहना था कि अगर दुर्घटना हुई होती तो बाइक भी क्षतिग्रस्त होती, लेकिन बाइक में कुछ नहीं हुआ है, ऐसे में मारपीट की आशंका है, जिससे जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## चूल्हे ठंडे रख बासी भोजन का प्रसाद किया ग्रहण

# शीतला सप्तमी पर माता का पूजन, लगा ठंडे व्यंजनों का भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शीतला अष्टमी का पर्व भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस दिन माता को मीठे चावलों का भोग लगाया जाता है। खासतौर पर इस दिन मां शीतला को बासी पकवानों का भोग लगाया जाता है और खुद भी बासी और ठंडा भोजन ग्रहण किया जाता है। होली के 7 दिनों बाद शीतला सप्तमी मनाई जाती हैए इस बार 1 अप्रैल को शीतला की पूजा कर श्रद्धालुओं ने बासी भोजन बसौड़ा का भोग लगाया।

शहर में सोमवार को शीतला सप्तमी का व्रत व पूजन किया गया। सप्तमी के दिन सुबह जल्दी उठकर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर और व्रत का संकल्प लेकर एक थाली में एक दिन पहले बनाए गए पकवान जैसे मीठे चावल, हलवा, पूरी आदि रखी। पूजा के लिए एक थाली में आटे के दीपकए रोलीए हल्दीए अक्षतए वस्त्र बड़कुले की माला, मेहंदी, सिक्के आदि रखा। इसके बाद विधि विधान से शीतला माता की पूजा की। माता शीतला को जल अर्पित करने के बाद वहां से थोड़ा जल घर के लिए भी लाये और घर आकर उसे छिड़का। बची पूजन सामग्री गाय को अर्पित की। शीतला माता का उल्लेख स्कंद पुराण में मिलता है। माना जाता है कि इनकी पूजा और ये व्रत करने से चेचक, अन्य तरह की बीमारियां और संक्रमण नहीं होता है। देवी शीतला का वाहन गधा है। देवी शीतला अपने हाथ के कलश में शीतल पेयए दाल के दाने और रोगानुनाशक जल रखती हैंए तो दूसरे हाथ में झाड़ू और नीम के पत्ते रखती हैं। माना जाता है कि इनकी पूजा और ये व्रत करने से चेचकए अन्य तरह की बीमारियां और संक्रमण नहीं होता है। माता शीतला की आराधना से व्यक्ति को बीमारियों से मुक्ति मिलती है।

### चूल्हे ठंडे, नहीं बनता है खाना

शीतला अष्टमी के दिन चूल्हा नहीं जलता। इस दिन बासी भोजन ही करने का नियम है। मां शीतला को ताजा भोजन का बिल्कुल भी भोग नहीं लगता। बल्कि शीतला सप्तमी के दिन बनाए गए भोजन का ही सेवन किया जाता है। शीतला अष्टमी के दिन घर में झाड़ू लगाने की मनाही होती है। शीतला अष्टमी के दिन नए कपड़े या फिर डार्क कलर के कपड़े पहनने से बचना चाहिए। इस दिन मांस.मदिरा का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। मान्यताओं के अनुसार, शीतला अष्टमी के दिन सुई में धागा नहीं डालना चाहिए और न ही सिलाई करनी चाहिए।



# होम वोटिंग पर घरघोड़ा में बीएलओ पटवारियों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

प्रशासनिक सभागार घरघोड़ा में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के पूर्व डाक मतपत्र होम वोटिंग से संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी रा घरघोड़ा की अध्यक्षता में तहसील घरघोड़ा के समस्त बीएलओ एवं पटवारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्रा द्वारा बीएलओ को अपने अपने मतदान केन्द्रों में 85 एवं दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने के संदर्भ में जानकारी दी गई। श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी रा रमेश कुमार मोर द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निर्विघ्न करवाने हेतु बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में मनोज कुमार गुप्ता तहसीलदार घरघोडा, सहोदर राम पैंकरा ना तहसीलदार, सहोरिक यादव ना तहसीलदार बलराम भगत संजय कुमार पण्डा मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

1 APR-Jash-RAGH-CORIY-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/1/2024 8:24 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टाइटैनिक' में हीरोइन की जान बचाने वाला लकड़ी का टुकड़ा हुआ नीलाम



हॉलीवुड के इतिहास के कई सबसे मशहूर प्रॉप्स की पिछले हफ्ते नीलामी की गई, जिनमें द शाइनिंग का ऐक्स, फॉरेस्ट गंप की चॉकलेट का संग्रह और इंडियाना जोन्स का भरोसेमंद व्हिप शामिल हैं। इन खजानों में से सिनेमा का सबसे चर्चित प्रॉप्स पांच करोड़ रुपये यानी 718,750 डॉलर से अधिक में बेचा गया है। यह कुछ और नहीं बल्कि, लकड़ी का तैरता हुआ टुकड़ा था, जिसने 'टाइटैनिक' के 'रोज' को जीवित रखा, लेकिन जैक डॉसन को डूबने से नहीं रोक सका। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बिक्री प्लैनेट हॉलीवुड रेस्तरां और रिजॉर्ट समूह द्वारा आयोजित प्रोप और कॉस्ट्यूम नीलामी के दौरान हुई थी। नीलामीकर्ताओं हेरिटेज ऑक्शन के अनुसार इस प्रोप यानी लकड़ी के दरवाजे को मलबे के एक पूरे टुकड़े से बनाया गया था, जो 1912 की आपदा से बरामद किया गया था। 'टाइटैनिक' के एक दृश्य में इस्तेमाल किए गए इस लकड़ी के टुकड़े को नीलामी में 718,750 डॉलर यानी 5,99,25,637 रुपये में बेचा गया है। टाइटैनिक की रिलीज के बाद से प्रशंसकों को आश्चर्य हो रहा है कि क्या जैक अपनी प्रेमिका रोज के साथ खुद को भी सुरक्षित रखने के लिए उस लकड़ी के दरवाजे पर फिट नहीं हो सकता था। 'टाइटैनिक' के इस दृश्य में लियोनार्डो डि कैप्रियो द्वारा निभाए गए किरदार 'जैक' को दिखाया गया था, जो खुद बर्फीले पानी में रहता है, लेकिन रोज को बचाने के लिए उसे लकड़ी के उस दरवाजे पर चिपके रहने की सलाह देता है और खुद दम तोड़ देता है। फिल्म का अंत लोगों को भावुक कर देता है। जिसके बाद से दर्शकों ने रोज को स्वार्थी करार दिया। टाइटैनिक के निर्देशक जेम्स कैमरून ने एक बार खुलासा किया कि उन्हें हर दिन सैकड़ों पत्र मिलते हैं, जिनमें रोज को स्वार्थी और जैक को बेवकूफ करार दिया जाता है, लेकिन उन्होंने यह कहकर चर्चा खत्म कर दी कि स्क्रिप्ट का पालन करने के लिए जैक को मरना होगा। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि हमने गड़बड़ कर दी हो और बोर्ड थोड़ा छोटा होना चाहिए था, लेकिन कहानी में जैक को मरना ही था।

### टॉलीवुड


## विश्वक की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक हुआ जारी



तेलुगु अभिनेता और निर्देशक विश्वक सेन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'गामी' को लेकर चर्चा में है। वहीं, विश्वक आज अपना 29वां जन्मदिन भी मना रहे हैं। अपने जन्मदिन के मौके पर अभिनेता ने फैंस को खास तोहफा दिया है। जन्मदिन के मौके पर विश्वक के अगली फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक एंग्री यंग मैन अवतार में नजर आ रहे हैं, जिसके बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्वक के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने अभिनेता के 10वें फिल्म की घोषणा की। विश्वक की आगामी फिल्म का 'मैकेनिक रॉकी' रखा गया है। वहीं फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक का लुक बेहद धांसू नजर आ रहा है। हाथ में रिंच लिए हुए विश्वक पोस्टर में सिगरेट पीते हुए नजर आ रहे हैं। हल्की दाढ़ी के साथ विश्वक का शरारती अंदाज बेहद शानदार नजर आ रहा है। गौरतलब है कि विश्वक की यह फिल्म एक एक्शन कॉमेडी होगी, जिसमें खूबसूरत अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी उनके अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण एसआरटी एंटरटेनमेंट बैनर तले किया जा रहा है, जिसे रवि तेजा मुल्लापुडी निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का म्यूजिक जेक्स बेजॉय तैयार कर रहे हैं। वहीं, सिनेमैटोग्राफर मनोज कटासानी करेंगे। फिल्म की रिलीज और अन्य जानकारी अभी प्रतीक्षा में है।

### भोजपुरी

## 'ममता की छांव में' झकझोर देगी दर्शकों को, अरविंद का धमाका



भोजपुरी स्टार अरविंद अकेला कल्लू की फिल्में खूब पसंद की जाती हैं। एक बार फिर से एक्टर एक जबरदस्त फिल्म लाने की तैयारी कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग आजमगढ़ में जोर-जोर से चल रही है। इसे दिग्गज डायरेक्टर जल्द लेकर आ रहे हैं।

सुर म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग इन दिनों जोर शोर से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद में चल रही है। इस फिल्म में युवा दिलों की धड़कन और सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अपोजिट पूजा गांगुली और आस्था सिंह फीमेल लीड में हैं। इस फिल्म के निर्देशक लालबाबू पंडित हैं, जिन्होंने अब तक कई सुपर डुपर हिट भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को दी है। वह एक ऐसे निर्देशक हैं, जिनके फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से होता रहा है। वे अरविंद अकेला कल्लू को लेकर 'राज', 'दूल्हा धीरे-धीरे' जैसी हिट फिल्में भी बना चुके हैं, तो खेसारीलाल यादव के साथ भी 'फरिश्ता' जैसी फिल्मों से भी धूम मचाया है। अब, लाल बाबू पंडित एक बार फिर से नई फिल्म 'ममता की छांव में' लेकर आ रहे हैं, जिसकी कहानी बेहद मार्मिक और दिल को छू लेने वाली होगी। यह खुद लाल बाबू पंडित ने बताया है। इस फिल्म का निर्माण सुमित सिंह कर रहे हैं जो कि सुर म्यूजिक कंपनी के मालिक हैं। लाल बाबू पंडित ने कहा कि 'यह फिल्म एक मां की ममता पर आधारित है जिसमें अरविंद अकेला कल्लू एक खास किरदार निभाते नजर आंएगे। उन्होंने कहा कि हम इस फिल्म का भव्यता से निर्माण कर रहे हैं और आजमगढ़ की धरती पर सभी लोग अपना हंड्रेड परसेंट दे रहे हैं। उम्मीद है कि हम अपनी पिछली फिल्म की तरह ही एक बेहतरीन फिल्म लेकर दर्शकों के बीच में होंगे और दर्शकों से हमें खूब प्यार और आशीर्वाद भी मिलेगा।'




> शादी भले ही निजी और पारिवारिक आयोजन हो लेकिन दुल्हन के तौर पर खुद को प्रेजेंट करना मॉडल्स के लिए एक चुनौती भरा काम होता है। न्यूयार्क फैशन वीक में अगले सप्ताह 2 से 4 अप्रैल तक ब्राइडल शो होने जा रहा है। इसके लिए मॉडल्स तैयारी में जुटी हैं। यहां कई नामचीन डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करेंगे।

## गर्मियों में ऑयली बालों पर करें लगाएं कुछ अलग हट कर


बालों लंबे और घने नजर आएं। इसके लिए अक्सर हम अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करते हैं। कई बार एक्सपर्ट की सलाह पर मौसम के बदलने पर ट्रीटमेंट भी कराते हैं। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में तेज धूप की वजह से आने वाले पसीने से बालों में हर समय नमी और चिपचिपापन रहेगा, जिसकी वजह से बाल ऑयली नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप सही चीजों का इस्तेमाल अपने बालों पर करें। इसके लिए आप आर्टिकल से सही जानकारी लेकर बालों को हेल्दी बना सकती हैं।

### लाइट शैंपू का करें इस्तेमाल

अगर आपके बाल गर्मी में ज्यादा ऑयली रहते हैं तो इसके लिए आप हफ्ते में 2 से 3 बार इन्हें वॉश करें। साथ ही जिस शैंपू का इस्तेमाल करें वो लाइट हो। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप ज्याद फोम का इस्तेमाल करेंगी तो बाल ज्यादा चिपचिपे नजर आएंगे। इसके लिए आप बाजार से इस तरह के शैंपू खरीदकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे बाल हेल्दी रहते हैं। साथ ही गर्मी में ऑयली नजर नहीं आते हैं। आप चाहें तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। लेकिन उस समय जब आपको जल्दी में कहीं बाहर जाना पड़े।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लग रहा है कि बाल ज्यादा ऑयली नजर आ रहे हैं तो इसके लिए हफ्ते में 1 बाद दही और शहद या एलोवेरा जेल और मुल्तानी मिट्टी लगाएं। इससे बालों को पोषण भी मिलेगा। साथ ही वो सिल्की और शाइनी नजर आएंगे। आप चाहें तो अंडा भी अपने बालों में इस्तेमाल कर सकती हैं। ऑयली बालों के लिए अच्छा होता है।



### मेथी दाने का लगाएं पानी

बालों के लिए मेथी दाना काफी अच्छा होता है। अगर आप इसके पानी में करी पत्ते के रस को मिलाकर लगाती हैं तो बाल ऑयली नजर नहीं आते हैं। इसका इस्तेमाल मैं भी अपने बालों में अक्सर करती हूं। साथ ही बाल झड़ने भी बंद हो जाते हैं। इसलिए आपको इसे ट्राई करना चाहिए, ताकि बाल हेल्दी रहें। साथ ही ऑयली भी नजर न आएं। इन चीजों का इस्तेमाल आप नियमित रूप से करेंगी तो आपके बाल हेल्दी रहेंगे। साथ ही गर्मी में ऑयल भी कम दिखाई देगा।

## रिसेप्शन में दिखाना है ग्लैमरस अंदाज तो पहनें इस तरह का गाउन






हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इसकी तैयारी वो महीनों-महीनों पहले से करती हैं। शादी के कार्यक्रमों में जिस तरह से हल्दी, मेहंदी और संगीत काफी अहम होता है, उसी तरह से लोगों के लिए रिसेप्शन का कार्यक्रम भी काफी ज्यादा जरूरी होता है।

नई दुल्हन के लिए उसकी ससुराल में पहला कार्यक्रम रिसेप्शन ही होता है। इस कार्यक्रम में हर किसी की नजर दुल्हन पर ही होती है। एक समय था जब हर नई दुल्हन अपने रिसेप्शन के कार्यक्रम में एथनिक आउटफिट पहनती थी, लेकिन अब समय बदल गया है।

### सपना चौधरी का हैवी गाउन

अगर आप हैवी गाउन पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो सपना चौधरी का हैवी गाउन बेस्ट विकल्प है। ऐसे गाउन आजकल चर्चाओं में भी रहते हैं। ऐसे गाउन के साथ आप क्यूट सी हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।



### मलाइका का ग्लैम लुक

अक्सर अपने ग्लैमरस लुक की वजह से लोगों का दिल जीतने वालीं मलाइका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। आप उनके इस लुक से टिप्स लेकर अपना रिसेप्शन लुक तैयार कर सकती हैं।

### गौहर खान का डीपनेक लुक

हरे रंग का ये डीपनेक बॉडीकॉन गाउन आपको ग्लैमरस लुक देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसके साथ अपने बालों को हल्का कर्ल जरूर करें। कर्ली बाल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे। इसके साथ ही डीपनेक होने की वजह से आप गले में कुछ क्लासी सा नेकपीस कैरी कर सकती हैं। बहुत से लोगों के यहां नई दुल्हनें लाल, पीला, हरा रंग ही कुछ दिनों तक पहनती हैं। ऐसे में आप कटरीना कैफ की तरह ही लाल रंग का बैकलेस स्लिट स्टाइल का गाउन अपने लिए तैयार करा सकती हैं।

## शादी में लहंगे के साथ वियर करें ये न्यू डिजाइन वाले झुमके

अगर आप लहंगा वियर कर रही हैं तो ये आउटफिट तब तक कम्पलीट नहीं होता जब तक आप इसके साथ मैचिंग ज्वेलरी ने पहन लें। वहीं ज्वेलरी में झुमके भी हैं जो आपके आउटफिट को कम्पलीट करते हैं तो वहीं ये आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने का काम करते हैं। वहीं इन झुमकों की वजह से आप काफी खूबसूरत नजर आती हैं। बाजार में आपको कई तरह के झुमके मिल जाएंगे लेकिन अगर आप अपने लहंगे के साथ कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं या ये चाहती हैं कि आप आउटफिट के साथ कुछ न्यू डिजाइन वाले झुमके पहने तो आप आर्टिकल की मदद से इन नए डिजाइन के झुमके अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं।

### पीकॉक स्टाइल झुमके

इन दिनों ये पीकॉक स्टाइल झुमके काफी ट्रेंड में हैं और इन पीकॉक स्टाइल झुमके (झुमकी डिजाइंस) को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। इस झुमके में मोर का डिजाइन बनाया गया है साथ ही इन झुमके में मोतियां लगे हैं। इस तरह के पीकॉक स्टाइल झुमके आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप



अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं और ये आपको आसानी से सस्ते दाम में मिल जाएंगे।

ये झुमके भी लहंगे के साथ वियर किए जा सकते हैं। ये लेयर्ड झुमका सिल्वर कलर में हैं और इस झुमके में दो लेयर में डिजाइन किया है। वहीं इस दो लेयर वाले झुमके में आप मोतियों का काम किया है और इस वजह से ये झूमक काफी खूबसूरत हैं। वहीं इस झुमके को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। वहीं इस तरह के झुमके आपको कई सारे ऑप्शन में मिल जायेंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## अरसे बाद कर रहे हैं शेविंग, तो अपनाएं ये कुछ जरूरी टिप्स नहीं होगी दाढ़ी में जलन

अगर आप लंबे अरसे से दाढ़ी रखे हुए हैं और अब क्लीन शेव का मूड है तो कुछ जरूरी कदम आपको उठाने चाहिए। यदि आपकी त्वचा की सतह असमान है, तो गंदगी, धूल और डेड कोशिकाओं के जमा होने के कारण शेविंग करना आपके लिए आसान या सहज अनुभव नहीं होगा। आपके चेहरे के खिलाफ रेजर ब्लेड को बार-बार रगड़ने से घर्षण पैदा होगा, जो बाद में चकत्ते और लालिमा का कारण बनता है। इससे बचने के लिए समय-समय पर एक्सफोलिएट करने की आदत डालें। इसमें कॉफी ग्राउंड, ओटमील या ब्राउन शुगर जैसे दानेदार पदार्थ का उपयोग करके अपना चेहरा साफ करना शामिल है। रोम छिद्रों के अंदर फंसे सभी कचरे को हटाने के लिए अपनी त्वचा को उनके पेस्ट से धीरे से स्क्रब करें। शेविंग से ठीक पहले ऐसा करने से आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। यकीन जानिए, ये बढ़ी हुई बियर्ड को भी शेविंग के लिए मुलायम करने में मदद करेगा।

### ल्यूब्रिकेंट का प्रयोग करें



रूखे चेहरे और बढ़ी हुई दाढ़ी को शेव करना मुसीबत का नुस्खा है। आप सचमुच अपनी त्वचा पर एक तेज ब्लेड मार रहे हैं! दोनों के बीच एक बाधा के रूप में काम करने के लिए नमी की आवश्यकता होती है। यह घर्षण को कम करता है और इस प्रकार, रेजर के स्ट्रोक लगने से चकत्ते के ग्रोथ की संभावना कम हो जाती है। ये ठीक बालों को उनकी जड़ से काटना भी आसान बनाता है और इसलिए, आपको एक नरम और चिकनी फिनिश देता है। इसीलिए, शेविंग की शुरुआत करने से पहले अपने चेहरे को प्री-शेव तेल या फोमिंग क्रीम से मालिश करने की बहुत जरूरत होती है। अगर आप प्री-शेव तेल से मसाज नहीं करना चाहते हैं या आपके पास उपलब्ध नहीं है तो भी इसका उपाय मौजूद है। दाढ़ी या स्ट्बल को पहले गर्म गुनगुने पानी से धोएं। चेहरे को धोने के बाद मोटे तौलिया से थपथपाकर एक्स्ट्रा पानी सुखा लें। पानी के सूख जाने के बाद गुनगुने नारियल तेल और समान मात्रा में एलोवेरा जेल मिलाकर बालों की मसाज करें। यकीन जानिए, ये नुस्खा बालों और दाढ़ी के नीचे की स्किन को बहुत मुलायम बना देता है। ये आजमाया हुआ नुस्खा है और कभी भी फेल नहीं होता है। एक बार इस्तेमाल के बाद आप अपने अनुभव भी हमसे शेयर कर सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

## इन उपायों से अपने कपड़ों के कलर और फिटिंग भी रख पाएंगे बरकरार

## गर्मी में कपड़ों का ऐसे रखें ख्याल भूल जाएंगे नई ड्रेस खरीदना

*कपड़े जल्दी फटने या बदरंग होने के पीछे मुख्य कारण है- हमारी लापरवाही। इस वजह से लड़कों के गर्मियों के कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं। अगर आपके कपड़े भी लंबे समय तक नहीं चल रहे हैं तो आपको अपनी कुछ आदतों को बदलना होगा। सर्दी के कपड़ों की तुलना में गर्मी के दिनों में कपड़ों का ख्याल रखना जरूरी है। क्योंकि समर में कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं जबकि सर्दी के कपड़े खराब नहीं होते। इसलिए गर्मी की ड्रेस को धोने से लेकर सुखाने और उनको रखने तक हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। हम यहां पर उसके बारे में बात करने वाले हैं। बिना पानी के साफ करें कपड़े क्या हर बार कपड़ों को पानी से धोना जरूरी है?*



### डिटर्जेंट पाउडर के बिना कपड़ों की सफाई

गर्मी के दिनों में पसीने की वजह से हम कपड़ों को अधिक बार धोते हैं। इस वजह से फैब्रिक कमजोर हो जाते हैं। चूंकि पसीने को निकालने के लिए हर बार धोना जरूरी है। मगर डिटर्जेंट पाउडर हर बार उपयोग करना आवश्यक नहीं है। बिना डिटर्जेंट पाउडर के भी कपड़े को साफ पानी से धोया जा सकता है। इसके लिए कपड़े को साफ पानी में भिगोने के बाद उसको निचोड़ दें और महक के लिए लिक्विड का प्रयोग करें। इस तरह आप अपनी ड्रेस को डिटर्जेंट पाउडर से बचा सकते हैं। इससे आपके कपड़े की लाइफ बढ़ेगी।

### सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का प्रयोग

डिटर्जेंट पाउडर का इस्तेमाल कितना करना चाहिए? इसकी जानकारी डिटर्जेंट पाउडर के पैकेट पर लिखी होती है। इसके बावजूद भी कई लोग बिना पढ़े ही बाल्टी में डाल देते हैं। एक कपड़े के लिए भी उतना ही और चार कपड़े के लिए भी उतनी ही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर डालेंगे। ऐसे में कपड़े के फैब्रिक और रंग पर असर पड़ता है। इसलिए सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का उपयोग करें।


### डिटर्जेंट टिकिया का कम करें उपयोग

डिटर्जेंट पाउडर के बाद डिटर्जेंट टिकिया का इस्तेमाल, यानी दोनों चीजों को एक साथ क्यों इस्तेमाल करना। मगर लोग कपड़े चमकाने के चक्कर में ऐसा करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती, वे लोग कपड़े पर डिटर्जेंट टिकिया को इतनी जोर से रगड़ते हैं जिससे वे जल्दी फट जाता है। हमें कपड़े धोने के साबुन का प्रयोग अपर वियर ड्रेस के लिए नहीं करना चाहिए। खासकर जींस, कैजुअल पैंट आदि के लिए ये सही होते हैं। मगर उन पर भी हल्के हाथ से डिटर्जेंट टिकिया रगड़ें।



1 APR-Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/1/2024 8:22 PM Page 1





# मंकी मैन की रिलीज डेट पर लटकी तलवार

**मुंबई।** देव पटेल की मच अवेटेट फिल्म 'मंकी मैन' रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों में यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी, जबकि भारत में इसे 19 अप्रैल को रिलीज होना था। लेकिन अब भारतीय ऑडियंस को फिल्म देखने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट में 'मंकी मैन' की रिलीज डेट को बदल दिया गया है और लिखा है कि फिल्म जल्द ही रिलीज होगी, लिखा हुआ है। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म का 19 अप्रैल को भारत में रिलीज नहीं हो पाएगी।

## लाइफ Style

# कृति

## विद्या संग काम करने की चाह

अभिनेत्री कृति सेनन लगभग दो महीने के अंतराल में बैक-टू-बैक रिलीज के साथ आगे बढ़ रही हैं। क्रू में करीना कपूर और तब्बू के साथ काम करने के बाद, कृति ने अब बहुमुखी विद्या बालन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। मीडिया से बातचीत के दौरान कृति ने कहा, मुझे विद्या बालन के साथ काम करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि वह ऐसी शख्स हैं, जिनकी मैं वास्तव में प्रशंसा करती हूं, उनके व्यक्तित्व और अभिनेता के लिए। इसलिए उम्मीद है कि कोई तो स्क्रिप्ट लिखेगा।

मुंबई। कृति ने काजोल संग स्क्रीन शेयर पर कहा, दिलवाले में हमारे बहुत कम दृश्य थे। इसलिए मैंने सोचा कि यह एक उचित फिल्म थी, जिसमें मैंने उनके साथ काम किया। दो पत्ती में हमारे बहुत इंटेंस सीन हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि वह हमारे अब तक के सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक है। मुझे उनके साथ काम करना और भी ज्यादा पसंद है क्योंकि वह हमेशा सीन के लिए कुछ न कुछ लेकर आती हैं। वह मुझसे यह भी कहती थी मुझे लगता है कि तुम्हें यहीं ऐसा करना चाहिए और शायद अगर आप इस तरह व्यवहार करते हैं, तो यह बेहतर हो सकता है। वहीं कृति ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री 'क्रू' पर दर्शकों का रिएक्शन जानने थिएटर पहुंचती है और उनसे खूब सारी बातें भी करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं इस दौरान कृति को दर्शकों के बीच एक पायलेट भी मिलते हैं, जिससे अभिनेत्री मस्ती-मजाक में मांफी भी मांगती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा- वे हंसे, मैं मुस्कुराया! यह प्यार मेरे पूरे क्रू के लिए है!! देवियों!! उड़ान भरी हुई है और यह प्यार और हंसी से भरी है।



## हॉलीवुड मसाला



# अब ओटीटी पर धूम मचाएगी मैडम वेब

मुंबई। मार्वल की फिल्म मैडम वेब ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी स्पेस में भी कदम रख दिया है। प्राइम वीडियो ने जानकारी दी कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आ गई है, लेकिन ग्राहकों के लिए अभी फ्री नहीं है। मैडम वेब को प्राइम स्टोर में जोड़ा गया है, जिसका मतलब है कि ग्राहकों को इसे देखने के लिए पैसे खर्च करने होंगे। फिल्म में फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे फेम डकोटा जॉनसन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो स्टोर पर 13 भाषाओं में उपलब्ध है, जबकि इसे 14 भाषाओं में सबटाइटल के साथ देखा जा सकता है।



# मैदान का वीडियो जारी अजय का अनोखा अंदाज

मुंबई। अजय देवगन की अगली मूवी 'मैदान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, जो कुछ ही दिनों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मैदान एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब हाल ही में अजय ने फिल्म की रिलीज से पहले अपनी भूमिका की एक झलक दिखाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी एंट्री दिखाई गई है। साथ ही वह अपने खिलाड़ियों से बात करते भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता कहते हुए सुनाई देते हैं कि सोच एक, समझ एक, दिल एक, दिमाग एक, इसलिए आज मैदान में उतरना 11, लेकिन दिखना सिर्फ एक। मैदान 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# ब्रेकअप के बाद सुसाइड करना चाहती थीं रवीना?

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर बहुत ही बेबाकी से अपने राय रखने के लिए जानी जाती हैं। वो अक्सर अपने पर्सनल लाइफ से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार से ब्रेकअप के बाद सुसाइड की खबरों को लेकर जवाब देती नजर आई हैं। रवीना से जब इंटरव्यू में सुसाइड करने के रूमर्स से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक मैगजीन ने स्टोरी कर दी थी, जिसमें कहा गया था कि सगाई टूटने के बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की थी। रवीना ने इस स्टोरी को क्लियर करते हुए बताया कि ऐसा कुछ नहीं था, वो अस्पताल में थीं, क्योंकि वो बीमार थीं। असलियत में वो मेनिनजाइटिस से पीड़ित थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इस बात को साबित करने के लिए उनके पास अस्पताल के सभी रिपोर्ट्स हैं। वो इतनी कमजोर नहीं कि जीवन की एक सिचुएशन से परेशान होकर आत्महत्या करने की सोचें।




# विजय ने किया फ्यूचर प्लांस का खुलासा

**मुंबई।** पॉपुलर साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अक्सर अपने डेटिंग रूमर्स को लेकर चर्चा में रहते हैं। ऐसे में अक्सर उनसे सवाल किया जाता है कि आखिर दोनों कब शादी कर रहे हैं। आखिरकार एक्टर ने अपने फ्यूचर प्लांस का खुलासा किया है। विजय देवरकोंडा इन दिनों मृणाल ठाकुर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार के प्रमोशन को लेकर व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के इवेंट में जब एक्टर से उनके शादी करने के प्लान्स के बारे में पूछा तो एक्टर ने कहा कि वो जल्द शादी कर के पिता बनना चाहते हैं। विजय ने सिर्फ अपनी ख्वाहिश के बारे में ही नहीं बताया, उन्होंने ये भी कहा कि वो लव मैरिज ही करेंगे। ये कहकर देवरकोंडा ने अपने और रश्मिका के रिलेशनशिप रूमर्स पर मोहर लगाई है। एक्टर ने इतना तक कह दिया कि वो अपनी गर्लफ्रेंड से तभी शादी करेंगे, जब उनके माता-पिता इस रिश्ते के लिए तैयार हो जाएंगे।

# आलिया ने वंचित बच्चों के लिए जुटाया फंड



**मुंबई ।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने लंदन में चल रहे चैरिटी इवेंट होप गाला को होस्ट किया। उन्होंने इस इवेंट में भारत में वंचित बच्चों के लिए काम करने वाले सलाम बॉम्बे फाउंडेशन की मदद करने के लिए फंड जुटाया। आलिया ने कहा, मुझे इन बच्चों की कहानियों को नया आकार देने में मदद करने में एक छोटी सी भूमिका निभाकर खुशी हुई है। आज हमारे प्रयासों की शुरुआत है और लोगों के समर्थन से मुझे विश्वास है कि हम आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति करेंगे। आलिया ने कहा, सलाम बॉम्बे फाउंडेशन और मंदारिन ओरिएंटल होटल ग्रुप के सहयोग से चैरिटी इवेंट को होस्ट करना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस रहा है। मैं लंबे समय से भारत की मलिन बस्तियों में युवाओं के उत्थान, आशा और अवसर प्रदान करने के लिए पद्मिनी सेखसरिया के अटूट समर्पण की प्रशंसा करती रही हूं।



# पांच भाषाओं में प्रदर्शित होगी रामचरण की गेम चेंजर

**मुंबई।** आरआरआर के बाद रामचरण की अगली फिल्म गेम चेंजर है, जिसे निर्देशक शंकर ने निर्देशित किया है। रामचरण की 'गेम चेंजर' बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन साल से हो रही है और प्रशंसक तंग आ चुके हैं, क्योंकि उन्हें अभी तक रिलीज डेट का पता नहीं चल पाया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दिल राजू का कहना है कि फिल्म की रिलीज डेट लगभग लॉक हो चुकी है। हाल ही में एक प्रेस मीट में बात करते हुए दिल राजू ने पुष्टि की कि गेम चेंजर पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एस. शंकर कर रहे हैं।



# प्रियंका और परिणीति के रिश्ते में आई खटास?

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती और पति निक जोनस के साथ इंडिया आई थीं। भले अब एक्ट्रेस वापस अपने ससुराल चली गई हैं, लेकिन उनके इस दौरे के बाद से परिणीति चोपड़ा संग उनके रिश्ते में खटास की खबरों को हवा मिल गई है। ना तो प्रियंका अपनी बहन परिणीति की शादी में शामिल हुई थीं, ना ही वो अब शादी के बाद उनसे मिलीं। जब एक्ट्रेस ने इस बार अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने परिवार के साथ बिताया। मगर फिर भी दोनों बहनों ने भारत में होने बावजूद एक-दूसरे से मिलने की कोशिश नहीं की। ऐसे में नेटिजन्स के मन में यह सवाल खड़े हो रहे हैं।



# आदुजीविथम-द गोट लाइफ का कलेक्शन 50 करोड़ के पार

मुंबई। साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कहर बरपा रही है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मलयालम भाषा में बनी इस फिल्म का डंका बज रहा है। तीन दिनों में 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' ने देशभर में 20 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी है, जिसके मुताबिक, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीविथम-द गोट लाइफ ने तीन दिन में हिंदी सहित सभी भाषाओं में 7.75 करोड़ की कमाई की है।

## बच्चे की मौत का रहा गम, अमिताभ ने जिसे माना गॉडफादर

# ऐसा था जलवा, हीरो से ज्यादा फीस लेते थे महमूद

मुंबई। कॉमेडियन का नाम आता है तो जेहन में महमूद का नाम सबसे पहले आता है। उनकी एक्टिंग का कोई जवाब नहीं था, हर कोई उनकी बेमिसाल अदाकारी का दीवाना था। एक कॉमेडियन का किरदार निभाने वाले एक्टर के नाम से ही फिल्में हिट हो जाया करती थीं। यही वो वजह थी, जिसकी वजह से वो हीरो से भी ज्यादा फीस वसूलते थे। कहा जाता है कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन उन्हें अपना गॉडफादर मानते थे, क्योंकि उन्होंने अभिनेता की उनके करियर में काफी मदद की थी।



### पोलियो ग्रस्त बेटे का था गम

कम ही लोगों को पता होगा कि महमूद के 8 बच्चों में से एक को पोलियो था। फिल्म कुंवारा बाप में अभिनेता ने एक गरीब रिक्शेवाले का किरदार अदा किया था, जिसके बेटे को पोलियो होता है। इसमें उनके बेटे का किरदार उनके असली बेटे ने निभाया था। अपने बेटे के इलाज के लिए एक पिता सब कुछ करता है लेकिन अंत में हार ही हाथ लगती है और वो अपना बेटा खो देता है। ये फिल्म देखने वालों की आंखों में आंसू आ गए थे, और मूवी ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई, जिसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।



### कॉमेडियन, जो देता था सुपरस्टार्स को टक्कर

महमूद मूवी में है या नहीं। उनके नाम से ही मूवी हिट हो जाती थी। फिल्मों के पोस्टर में अभिनेता के होने से उसकी वैल्यू और भी ज्यादा बढ़ जाती थी। अभिनेता हीरो से ज्यादा फीस वसूलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'किस्मत' के बाद महमूद ने एक्टिंग छोड़ दी थी। अपने परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए एक्टर ने कई छोटे-मोटे काम करने शुरू कर दिए। दो वक्त की रोटी खाने के लिए उन्होंने निर्देशक राजकुमार संतोषी के पिता पीएल संतोषी की गाड़ी चलाई और एक ड्राइवर बन गए। यही नहीं घर चलाने के लिए उन्होंने अंडे भी बेचे और टैक्सी भी चलाई।

### 40 साल के करियर में की 300 से अधिक फिल्में

महमूद का पूरा नाम महमूद अली था, जिनका जन्म सितंबर 1932 में हुआ था। एक्टर ने मीना कुमारी की छोटी बहन से शादी की थी, हालांकि उन्होंने दो शादी की थी, दूसरी बीवी का नाम ट्रेसी अली था। अभिनेता के टोटल 8 बच्चे थे। अपने 40 साल के फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत उन्होंने साल 1943 में आई फिल्म बॉम्बे टॉकीज से की थी, जिसमें वो बच्चे ही थे। भारत के राष्ट्रीय हास्य अभिनेता के रूप में इस महान अभिनेता को जाना जाता था।

1-APR- RAG-Bhoomi pg 4_Layout 1 4/1/2024 10:23 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### कोमल का नवोदय विद्यालय में चयन



**रायगढ़।** घरघोड़ा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला चारमार में अध्ययन कर रही कोमल प्रधान को चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। कोमल की इस सफलता पर उसके शिक्षक टिकेश्वर पटेल सहित उसके पिता हरिशंकर प्रधान व माता डेरूती प्रधान ने उसे आर्शीवाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि इसी विद्यालय के अन्य 5 बच्चों का सैनिक स्कूल व नवोदय में हाल ही में चयन हुआ है।

### संस्कार का छात्र सीएससीएस हेतु चयनित उभरते खिलाड़ियों में नाम घोषित

**रायगढ़।** संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ साथ खेल एवं व्यक्तित्व विकास के लिए प्रसिद्ध है। संस्था के छात्र रहे कृष मैत्री का चयन सीएससीएस के द्वारा घोषित किए गए 80 उभरते खिलाडिय़ों मे शामिल हैं। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि कृष मैत्री संस्कार पब्लिक स्कूल का होनहार छात्र रहा है। जो स्कूल शिक्षा के दौरान ही सीएससीएस के टूर्नामेंट के लिए चयनित होता रहा है। वर्तमान में कॉलेज की शिक्षा भिलाई में लेते हुए क्रिकेट में रायगढ़ जिले एवं संस्कार पब्लिक स्कूल का नाम रोशन कर रहा है। रामचन्द्र शर्मा सहित प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा एवं संपूर्ण स्टॉफ ने कृष मैत्री के उज्जवल भविष्य की कामना की है। कृष मैत्री के चयन के पश्चात स्कील एवं फिटनेस कैंप के लिए सीएससीएस के द्वारा आयोजित कैंप में शामिल होंगे।

### मतदान केंद्र स्तरीय विधानसभा सम्मेलन में शामिल हुए भाजपा नेता

**रायगढ़।** भाजपा प्रारंभ से ही धरातल की राजनीति को महत्व देती आई है। मतदान केंद्र का कार्यकर्ता मजबूत हो तभी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल पाता है। भाजपा कार्यकर्ता हमेशा हर चुनाव के लिए कमर कसकर तैयार रहता है। लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को प्रचंड मतों से विजयी दिलाने के लिए संकल्पित है। आज रायगढ़ विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलम गौशाला के पास प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस सम्मेलन में रायगढ़ के विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोकसभा प्रभारी लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, पत्थलगांव विधायक व लोकसभा चुनाव की संयोजक श्रीमती गोमती साय, लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया, रायगढ़ पूर्व विधायक लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक विजय अग्रवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरुपाल सिंह भल्ला ने बताया की आज के सम्मेलन में रायगढ़ विधानसभा के 6 मंडलों से हर मतदान केंद्र से लगभग 20 कार्यकर्ता इस सम्मेलन में शामिल होंगे, इसके लिए मंडल स्तर पर बैठक करके जवाबदार कार्यकर्ताओं को जवाबदारी दी गई थी। कार्यक्रम में बीजेपी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए लोकसभा चुनाव के लिए तैयार किया।

### बगैर बिल हो रहा था परिवहन 30 कूलर जब्त



**रायगढ़।** आमचुनाव 2024 को लेकर जिले में आचार संहिता प्रभावशील है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत उडऩदस्ता एफएसटी और स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी सक्रिय होकर चुनावी प्रलोभन सामग्री एवं नगद रुपयो की आवाजाही रोकने चेक पॉइंट पर वाहनों के आवाजाही की सघन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में आज सुबह लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 02 के एफएसटी दल क्रमांक 07 के द्वारा थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत चुहकीमार मेन रोड में चेकिंग के दौरान पीकप क्रमांक सीजी 13 एटी 1438 में लोड लगभग 30 नग कुलर कीमती लगभग 2,00,000 को बिना बिल के परिवहन होते पकडा गया एवं सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय रायगढ़ को ईएसएमएस के जरिए सूचना अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। साथ ही वाहन में लोड कुलर को मय वाहन के सुरक्षार्थ थाना घरघोड़ा में रखा गया है। एसएसटी दल में विश्वनाथ यादव, संकीर्तन साहू, एएसआई विल्फ्रेड मसीह और स्टाफ शामिल थे।

### शिकायत के बावजूद शिक्षा के बाजारीकरण पर नहीं हो रही कार्रवाई




**रायगढ़।** एबीवीपी रायगढ द्वारा शिक्षा के व्यपारीकरण को रोकने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त है अभाविप अपने रचनात्मक कार्य व सकारात्मक कार्य के लिये जाना जाता है साथ ही परिषद द्वारा समय समय पर शिक्षा के क्षेत्र में होने वाली धांधली के विरोध में ज्ञापन सौपने से लेकर कोर्ट तक कि लड़ाई लड़ने का कार्य किया जाता है विद्यार्थी परिषद ने आज रायगढ के जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर बताया कि कुछ प्राइवेट स्कूलों द्वारा पूर्ण रूप से शिक्षा का व्यपारीकरण किया जा रहा है जिसमे रायगढ के कुछ बड़े विद्यालय शालिनी, कार्मेल व संस्कार स्कूल जैसे नाम शामिल है लगातार छात्रो के अभिभावकों से यह जानकारी मिल रही है।

## मुआवजा और कानूनी कार्रवाई की मांग पर सड़क जाम

# शक्कर लेने गए मासूम की हाइवा की चपेट में आकर दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ घरघोड़ा मार्ग में एक बार फिर से दिल दहलाने वाली दर्दनाक सडक़ दुर्घटना घटित हो गया है। जिसमें पड़ोसी के लिए शक्कर लेने गए बालक की 10 चक्का हाईवे के चपेट में आकर मौत होने का मामला पूरे क्षेत्र में ग्रामीणों को स्तब्ध रख दिया है। इधर बालक की मौत होते ही आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिए हैं जबकि इकलौते बेटे को खोने के दंश में माता.पिता सदमे में है। जानकारी के मुताबिक निहान्त सिदार पिता गगन सिदार उम्र 5 साल गेरवानी का रहने वाला है। बालक के पिता माता रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर परिवार का लालन पालन करते हैं जबकि निहान्त घर में रहकर आंगनबाड़ी में अध्ययनरत था।

बताया गया कि निहान्त 29 मार्च की शाम 5 बजे घर के बगल पड़ोस में रहने वाली पड़ोसी द्वारा उसे शक्कर लेने के लिए भेजा गया, जहां बालक पैदल ही अपने धुन में शक्कर लेने के लिए रायगढ़ घरघोड़ा को जोडऩे वाले मुख्य मार्ग गेरवानी मेन रोड में आ रहा था तभी बीएसएनएल आफिस के सामने शिवा किराना स्टोर के पास पूंजीपथरा की ओर से आ रही 10 चक्का हाइवा सीजी 13 ड़ी 1753 के वाहन चालक



बच्चे का शव लेकर सड़क पर बैठे परिजन।

ने तेज लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बालक दुर्घटना के बाद बुरी तरह से चोटिल हो गया। दुर्घटना के बाद प्रत्यक्ष दर्शियों ने वाहन चालक को कुछ लोग दौड़ा कर पकडऩे लगेंए वही कुछ लोग घायल की सुध लिए। तत्पश्चात आनन फानन में उपचार के लिए गंभीर अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इधर दुर्घटना के बाद मौके से भागते हुए वाहन चालक को पकडक़र पुलिस के हवाले किया गया। वही, आज 30 मार्च को उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उपचार के लिए रायपुर रिफर में ले जाया जा रहा था तभी उसकी मौत रास्ते मे हो गई। जहां से मृत अवस्था मे उसे फिर मेडिकल कॉलेज लाया गया। चूंकि कानूनी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पोस्टमार्टम की जरूरत थी ऐसे में उसे चक्रधर नगर पुलिस ने रविवार को अस्तपाल प्रबंधन की तहरीर पर मर्ग कायम कर मामले को शून्य में जांच में ली है। बालक की मौत होने की सूचना जैसे गांव के ग्रामीणों को लगी तो उनके द्वारा बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पोस्टमार्टम करवाने के लिए पहुंच गए। जहां शांतिपूर्वक उनके द्वारा कानूनी प्रक्रिया को पूरा कराया गया। तत्पश्चात दोपहर में शव को दाह संस्कार के लिए मृतक के रिश्तेदार व स्वजन गेरवानी गृह ग्राम लेकर गए। इधर उससे पहले ही गांव के ग्रामीणों ने शव को सडक़ में रखकर मुआवजा अन्य की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिए थे, वही पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के समझाईश व आश्वासन के बाद चक्काजाम खुला।

### पिकअप की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत

जिले में बढ़ते सडक हाथों के क्रम में सोमवार को घटित दुर्घटना के दौरान एक पिकअप की ठोकर से बाईक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को दोपहर लैलूंगा के रूडुकेला पुल के पास एक पिकअप क्रमांक सीजी 15 एसी 5321 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार दो युवकों को जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को रायगढ़ मेडिकल कालेज लाया जा रहा था जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो जाने की जानकारी मिली है। घटना के बाद से लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मृतक ढोरोंबीजा लैलूंगा थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं।



नकद समेत दो लाख का सामान जब्त।

## आईपीएल क्रिकेट सट्टा लेते दो बुकी गिरफ्तार

**रायगढ़।** आईपीएल क्रिकेट शुरू होते ही जिले में सट्टेबाजे का अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क सक्रिय हो गया है। जिला पुलिस लगातार सट्टेबाजों पर कार्रवाई कर रही किंतु सट्टे के कारोबार में इसका असर होता नहीं दिख रहा।

इसी कड़ी में 31 मार्च की रात्रि नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला एवं डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर साइबर सेल एवं थाना कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर ढिमरापुर चौक पर आरोपी गौरव देवांगन पिता हेमन्त देवांगन उम्र 30 वर्ष निवासी पैलेस रोड गद्दी चौक थाना कोतवाली रायगढ़ को दिल्ली और चेन्नई के मध्य आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते पकड़ा गया है। आरोपी गौरव देवांगन से 15,000 नगद एवं वनप्लस मोबाइल कीमत करीब 42,000 रुपए तथा जिंदल रोड ढिमरापुर चौक के पास आरोपी अजहर मोहम्मद पिता हुसैन मोहम्मद उम्र 26 वर्ष निवासी इंदिरानगर गंगाराम तालाब के पास थाना कोतवाली रायगढ़ को क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा मोबाइल पर नोट करते पकड़ा गया है जिसके पास से नगद रकम 20,000 और एक आईफोन 13 प्रो मैक्स कीमती करीब 1 लाख 30 हजार रुपए का जप्त किया गया है। आरोपियों के मोबाइल में व्हाट्सएप ऐप पर क्रिकेट सट्टा खिलाने का लिंक मिला है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। दोनों कार्रवाई में पुलिस ने सट्टा में लगे रकम समेत कुल 2 लाख 07 हजार रूपए की मशरूका की जप्ती की गई है।

■ 35 हजार नकद समेत दो लाख का सामान जब्त

## आगरा में रायगढ़ के खिलाड़ियों ने जीता सिल्वर मेडल

**रायगढ।** विगत सप्ताह लैक्रोस खेल हेतु जिले की टीम के खिलाड़ियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। आगरा में होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ की टीम को प्रतिनिधित्व करना था लेकिन टीम के पास शामिल होने के लिए आवश्यक संसाधन नही थे। ओपी चौधरी ने इन खिलाड़ियों की व्यथा को तन्मयता से सुना और तत्काल खिलाड़ियों के राष्ट्रीय आयोजन में शामिल होने की समुचित व्यवस्था करवाई।

ओपी के प्रयासों से यह टीम राष्ट्रीय प्रतियोयिता में शिरकत कर पाई और अंतिम दिन फाइनल में बालक वर्ग की टीम ने रजत पदक हासिल किया। टीम के खिलाड़ियों सहित कोच ने ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा मंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से यह टीम राष्ट्रीय आयोजन में शामिल हो पाई अन्यथा यह कार्य असंभव था। टीम ने रजत पदक हासिल कर पूरे छत्तीस गढ़ मान बढ़ाया। टीम के कहा ओपी है तो भरोसा है उन्होंने इसे सार्थक कर दिखाया। राष्ट्रीय लैक्रॉस प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के आगरा में हुआ। अंतिम दिन 31 मार्च को खेले गए फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की सब जूनियर टीम बालक वर्ग ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के सफल मार्गदर्शन की वजह से रजत पदक हासिल कर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। सब जूनियर टीम में दुर्गेश नन्दे की कुशल कप्तानी में पुष्पेन्द्र नन्दे, प्रिंस कांटे, आर्क एरिश एक्का, प्रिंस साहू गोल्की, कृष्णा गुप्ता खिलाड़ियों के सम्मिलित प्रयासों से चमकीली विजय हासिल हुई। छत्तीसगढ़ लैक्रॉस एसोसिएशन के सेक्रेटरी देव अवतार चौधरी, सुरेंद्र जेना, विष्णु चरण महाविद्यालय के प्राचार्य पी किंडो व कोच प्रोफेसर विजय कुमार काँटे, अभिनव विद्या मंदिर पुसौर स्कूल के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी, कोच अभिनव सतपथी, एकेडमिक ब्राईट्स पब्लिक स्कूल, खरसिया के संचालक डॉ. एके ठाकुर व प्राचार्य रवि मेहर व कोच विवेकानंद सिंह, आदर्श ग्राम्य भारती के कोच राजनारायण प्रधान, गुरुकुल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय शर्मा, बालिका वर्ग जूनियर मैनेजर रिंकी साव कोच कविता, अर्पिता ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

■ खिलाड़ियों की परेशानी सुनने के बाद मंत्री की कोशिशों से लिया भाग



## गांव को नशामुक्त बनाने आवेदन लेकर थाने पहुंची महिलाएं

**रायगढ।** धरमजयगढ थाना क्षेत्र के गांव के महिलाएं अवैध शराबबंदी की मांग को लेकर थाने पहुंची और थाना प्रभारी को ब्रिकी बंद करवाने के लिए सहयोग मांगा। और कहा कि नशा मुक्ति गांव बनाने में हमारी मदद करें। सामूहिक नेतृत्व में गांव के भारी संख्या में महिलाओं ने थाना प्रभारी से गुहार लगाकर अपने गांव को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने की बात कही।



महिलाओं ने बताया कि गांव के कुछ लोग अवैध शराब बेच कर माहौल खराब कर रहे हैं। जिसकी वजह से शराब की लत छोटे बच्चों को भी होने लगी है। आगे उन्होंने कहा कि कई बार समझाने के बावजूद शराब की बिक्री बंद नहीं हुई। गांव के अन्य लोगों द्वारा शराब पाऊच भी यहां से सप्लाई कर रहे हैं, महिलाओं ने कहा इन्हीं से हम मजबूर होकर शिकायत करने एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर शराब ब्रिकी बंद करवाने थाना धरमजयगढ आये हुए हैं। आपको बता दें अब तक नशा मुक्ति अभियान में सबसे पहले शराबबंदी पर महिलाओं को फोकस है महिलाओं को नशा मुक्ति कार्यक्रम में अपनी घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। बहरहाल यह सत्य है यदि पुलिस सहयोग करें तो शराब बिक्री बंद हो सकती है, और महिलाओं का गुहार लगाना साकार हो सकता है। फिलहाल धरमजयगढ थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि उनके द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा।

## गिरफ्तारी के घर से पेरोल पर छूटे आरोपी ने खुद को चाकू से गोदकर किया घायल

**रायगढ़।** पेरोल पर छूटने के बाद करीब 2 साल से नाम बदलकर पुलिस को चकमा दे रहे युवक ने पकड़े जाने के दर से खुद पर चाकू से कई बार हमला कर लिया जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की आलाधिकारी भी मौके पर पंहुचे और मरीज के हालत का जायजा लिया।

■ कोरोना काल में छूटने के बाद नाम बदल कर छिप रहा था आरोपी

जानकारी के अनुसार जोबी चौकी क्षेत्र स्थित ग्राम तरुआडीह निवासी पुरेंद्र लाल स्वर्णकार पिता बृजलाल स्वर्णकार उम्र 45 वर्ष कोरोना का प्रकोप बढ़ने पर रायगढ़ जिला जेल से पैरोल पर रिहा किया गया था। इसके बाद से वह पैरोल की अवधि खत्म होने के बाद भी जेल वापस नहीं गया और अपना सारा परिचय बदलकर गांव में रह रहा था। जमीन विवाद को लेकर उसका उसके भाई के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ तब छोटे भाई की पत्नी ने पुलिस वाहन 112 को फोन करके झगड़ा की जानकारी दी। जब इस बात की भनक पुरेंद्र को लगी तब उसने पुलिस के पकड़े जाने और जेल से परिचय छुपा कर रहने का राज खुल जाने के डर से खुद को कमरे में बंद कर लिया। जब पुलिस वाहन 112 उसे लेने उसके घर पहुंची तब घर में सब्जी काटने वाले धारदार चाकू से अपने पेट और सीने पर सात आठ बार कर दिया। जिसे लहू लोहान हालत में देख पुलिस वाहन 112 उसे घरघोड़ा अस्पताल लेकर पहुंची।




### अस्पताल से चोरी इनर्वटर, बैटरी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस द्वारा ग्राम बहिरकेला में नव निर्मित अस्पताल से इनर्वटरए बैटरी, स्टार्टर की चोरी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा गया है। कल रात थाना घरघोड़ा में निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार प्रेमलाल पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम घरघोडी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23-24 मार्च के मध्य ग्राम बहिरकेला में नव.निर्मित अस्पताल से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा इनर्वटर, बैटरी एवं स्टार्टर कीमती 27,000 रूपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।विवेचना दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी एवं स्टाफ द्वारा ग्राम बहिरकेला के प्रमुख व्यक्तियों, रिपोर्टकर्ता ठेकेदार तथा उसके कर्मचारियों से पूछताछ कर जांच किया गया। चोरी गांव के मनोहर उर्फ भुरू राठिया एवं लोकनाथ उर्फ लोखी राठिया के शामिल होने की जानकारी मिली, तत्काल दोनों की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया। आरोपियों ने बताया कि 23 मार्च के रात दोनो गांव बहिरकेला के नवनिर्मित अस्पताल के दरवाजा को खोलकर अंदर घुसे और वहां लगे इनर्वटर, बैटरी एवं स्टार्टर को चोरी कर अपने साथ ले गए और आपस में सामान को बाट लिये जिसमें मनोहर राठिया ने बैटरी को बटवारा में लिया और लोकनाथ राठिया अपने पास इनर्वटर तथा स्टार्टर को रखा।



## मोबाइल के विवाद में चार माह के शिशु को जमीन पर पटका, हुई मौत

**रायगढ़।** मोबाइल मांगने पर नहीं देने से नाराज एक महिला ने अपने चार माह के बच्चे को आवेश में आकर जमीन पर ऐसा पटका की उसकी मौत हो गई। विवाद दो सगी बहनों के बीच का बताया जा रहा है। लैलूंगा पुलिस ने 4 माह के शिशु की हत्या के अपराध में शिशु की निर्दयी मां और आरोपिया की सगी बड़ी बहन को गिरफ्तार किया गया है। अपराध को छिपाने घरवालों ने शिशु के उसकी मां के हाथ से गिर जाने से सिर में आई चोट की झूठी और मनगढ़ंत रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पीएम रिपोर्ट में शिशु के सिर पर आई चोट किसी भारी ठोस वस्तु से प्रहार करने या टकराने की वजह से हिंसात्मक व्यवहार लेख किया गया है।

■ दो सगी बहनों के बीच में हुआ था विवाद, दो गिरफ्तार

थाना प्रभारी द्वारा मृतक की मां और घरवालों से कड़ाई से पूछताछ किया गया जिसमें घटना का खुलासा हुआ। घटना को लेकर शिशु की दादी श्रीमती समारी पैकरा पति कमल सिंह पर उम्र 50 साल निवासी सराईमुडा थाना लैलूंगा द्वारा 16 जनवरी को थाना लैलूंगा में शिशु की मौत के संबंध में मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराई कि शिशु की मां पूजा पैंकरा सुबह रोड के ढलान पर बच्चे को धूप दिखा रही थी। उसी समय पूजा को अचानक चक्कर आने से दोनों मां बेटा ढलान पर से गिर गए जिससे शिशु आयुष 04 माह को चोट आयी, जिसे एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल लैलूंगा में भर्ती किए जहां इलाज दौरान शिशु की मृत्यु हो गई है जिस पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



## बिजली उत्पादन में एनटीपीसी लारा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त वर्ष 2023-2024 में सभी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एनटीपीसी लारा स्टेशन द्वारा अबतक का सर्वश्रेष्ठ बिजली उत्पादन किया गया है। लारा स्टेशन द्वार 83.58 प्रतिशत प्लांट लोड के साथ 11713 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पदन किया गया हैए जो की अबतक का वार्षिक सर्वश्रेष्ठ उत्पादन है। पिछले साल वित्तवर्ष 2022-23 में एनटीपीसी लारा द्वारा 83.37 प्रतिशत प्लांट लोड के साथ 11685 मिलीओन यूनिट बिजली उत्पादन किया गया था। इस उपलब्धि के लिए परियोजना प्रमुख अखिलेश सिंह ने धन्यवाद देते हुए बताया है की यह उपलब्धि सभी कर्मचारीयों की कठिन परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा से ही हासिल हुआ है। लारा जैसी नई परियोजना के लिए यह उपलब्धि उत्साहप्रद हैए आनेवाले दिनों में एनटीपीसी लारा परियोजना ऐसी कई नई ऊंचाइयों हो छूएँगी। ज्ञात हो एनटीपीसी लारा परियोजना से उत्पादित बिजली का आधा हिस्सा सिर्फ छत्तीसगढ़ राज्य को ही सप्लाइ की जाती है एवं बाकी बिजली मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दमन एवं दीव, दादरा एवं नगर हवेली है। बिजली उत्पादन के अतिरिक्त नैगम सामाजिक दायित्व के कार्यो में भी एनटीपीसी लारा द्वारा सामुदायिक विकास जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आधारभूत सारंचना का विकास के अंतर्गत अनेक कार्य किया जा रहा है।





